

## कन्या खेल परिसर की छात्राओं का चयन



**निवाली।** खेलों मध्यप्रदेश युथ गेम्स 2026 जिला स्तरीय प्रतियोगिता 19 जनवरी को बड़वानी में हुई थी। जिसमें शासकीय कन्या खेल परिसर निवाली की 12 छात्राओं का एथेलेटिक्स क्रिडा स्पर्धा तथा 6 छात्राओं का व्हालीबाल क्रिडा स्पर्धा के लिए संभाग स्तर पर हुआ है। यह प्रतियोगिता 21 जनवरी को इंदौर में संपन्न हुई

## महिलाओं ने रखा हल्दी कुमकुम कार्यक्रम



**बड़वानी।** शहर के रुक्मिणी नगर में गुरुवार को वैष्णव बैरागी समाज महिला मंडल ने मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में हल्दी कुमकुम कार्यक्रम रखा। कविता बैरागी के घर पर समाज की महिलाएं एकत्रित हुई।

# बसंत पंचमी पर्व मनाया, निकाली शोभायात्रा

### नेहरू स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल में पूजन, प्रेरक संबोधन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर में शिक्षा प्रसारक समिति द्वारा संचालित नेहरू स्मृति हायर सेकेंडरी हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर जय मां शारदे के उद्घोष से गूंज उठा।

पूजन के बाद संस्था अध्यक्ष रविंद्रसिंह मंडलोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस जिन्हें हम नेताजी के नाम से जानते हैं, उनके जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्था प्राचार्य हेमंत खेड़े ने बच्चों को विद्या के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन का





पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारित होना भी जरूरी है।

संस्था प्राचार्य राहुल मंडलोई ने बताया कि सृष्टि के निर्माण में स्वर नहीं थे, संगीत नहीं था। मां सरस्वती के उद्भव के पश्चात ही स्वर, संगीत और ज्ञान का प्रकाश फैला। उन्होंने नेताजी के बारे में कहा कि वे एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाकर आंदोलन को वैश्विक मंच प्रदान किया। उप प्राचार्य देवेंद्र कानूनगो ने भी सम्बोधित किया।

सफेद और पीले वस्त्रों में सजे छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थी प्रतिज्ञा बहारे, यश भारती, परिधि खरते ने पराक्रम दिवस और बसंत पंचमी पर्व पर विचार व्यक्त किए। नेहा बंजारे और मानसी वर्मा ने सरस्वती वंदना और कविता का पाठ किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल, बीएल जैन, दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष शैलेष कुमार जोशी, सचिव अशोक कुमार सकलेचा, कोषाध्यक्ष दीपक लालका, सह सचिव मनोज कानूनगो तथा समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की बधाई दी।

#### मुख्य मार्गों से निकला पथ संचलन

**पानसेमल।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल में मां सरस्वती का प्रकटोत्सव बसंत पंचमी उत्सव हवन पुजन कर मनाया। अभिभावकों एवं भैया बहनों ने वेद एवं कलश लेकर शोभायात्रा घोष के साथ निकालकर पुजन किया। अभिभावकों एवं भैया बहनों ने हवन पुजन में आहुति दी। बहिनें माता सरस्वती के स्वरूप में आकर्षण का केंद्र रही। आचार्य परिवार, समिति सदस्य और भैया-बहिनो द्वारा विधि-विधान पूर्वक मां सरस्वती का पुजन किया गया।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर रैली भी निकाली गई। मुख्य मार्गों से घोष वादन के साथ ही तिरंगे झंडे हाथ में लिए जय घोष लगाते हुए निकले। सुभाष चंद्र बोस की वेश धारण किए नजर आए। दुर्गा मंदिर के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर तिलक लगाकर जय घोष के साथ में संचलन का समापन हुआ।

**जयंती पर निकाली रैली**

- मां सरस्वती का किया पुजन।
- नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती पर निकाली रैली।

## बसंत पंचमी पर आदर्श महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

**बड़वानी।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत शुक्रवार को बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पुजन कर बसंत उत्सव मनाया। सरस्वती वंदना आरती संगीता और लता ने प्रस्तुत की। व्याख्यान में प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने कहा कि यह बसंत उत्सव प्रकृति, पुजन, ज्ञान और प्रकाश का उत्सव है। यह समय आनंद का, उल्लास का है। डॉ बीएस मुजाल्दा ने कहा कि आप निरंतर अध्यापन की ओर ध्यान केंद्रित करें। बसंत पंचमी पर संकल्प ले कि हम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चरणों में स्वयं को अर्पित कर समर्पित कर जीवन को सार्थकता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ दिनेश पाटीदार ने कहा कि आज हम ज्ञान की देवी की आराधना कर स्वयं को अज्ञानता से दूर करने का प्रयत्न करते हैं। आभार डॉ अनिल पाटीदार व्यक्त किया।

# ग्रामोदय से अभ्यूदय कार्यक्रम का आयोजन

### कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी संकल्प के लिए दिलाई शपथ

**निवाली, (नवभारत)।** ग्राम गुमडिया बुजुर्ग में सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभूदय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम विखं समन्वयक आपसिग चौहार नवाकुर संस्था आदित्य शिक्षा एवं सामाजिक विकास समिति गुमडिया बुजुर्ग के माध्यम से आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मप्र सरकार के 2 वर्ष सफलतम पूर्ण होने के उपलक्ष में ग्राम उत्सव के रूप में मनाया। सरकार की उपलब्धियों



जन कल्याणकारी जन हितैषी योजनाओं पर चर्चा की गई। स्वामी विवेकानंद के विचार सिद्धांत के संबंध में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम वासियों को अवगत कराया। स कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के सदस्य सुवालाल चौहान, सियाराम मेहता, मेंटर्स राकेश चौहान, सचिव प्रौबोध गोस्वामी, रोजगार सहायक ईलाम चौहान, सरपंच मास्तर जाधव, आशा सुपरवाइजर सुनिता सौलकी, आशा सायका चौहान, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सियाराम मेहता, गुरदाश जाधव समिति गुमडिया खुर्द उपस्थित रहे।

## आज लगेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**बड़वानी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अधिवक्ता सघ सोहनलाल पाटीदार के तत्वाधान में आज एडीआर भवन के कांफ्रेंस हॉल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगेगा। शिविर का उद्देश्य जन सामान्य में आवश्यकता पड़ने पर सीपीआर की ट्रेनिंग दी जाएगी। बीपी, शुगर एवं महिलाओं में सर्वाईकिल कैंसर की नि:शुल्क जांच की जाएगी। अमेरिका के डॉ की टीम, रोटरी क्लब बड़वानी, फिजिशियन, अध्यक्ष अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे।

# चोरी में उपयोग हो रहे बिना नम्बर के वाहन





**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 24 जनवरी.**

चोरी व अन्य अपराधों में आरोपी बिना नंबर की बाइक उपयोग कर रहे हैं। साथ ही नशे के कारोबार में भी बिना नंबर के वाहनों का उपयोग हो रहा है। पुलिस के खुलासे में ऐसे वाहन भी जब्त हुए हैं, लेकिन फिर भी पुलिस की ढील के चलते शहर के हर इलाके में बिना नंबर प्लेट वाले वाहन नजर आ रहे हैं। पुलिस जब वाहन चैकिंग करती है, तब बिना नंबर वाले वाहन पकड़ में आते हैं। वह अधिकांशत: चोरी के होते हैं या फिर किसी अपराध में उपयोग किए होते हैं।

#### मंडराती है बिना नंबर की बाइक

कोचिंग सेंटर, स्कूल व कॉलेजों के बाहर मनचले बिना नं. की बाइकों से स्टंट करते हुए नजर आते हैं। साथ ही कई अभिभावक भी अपने घर लगाते हैं। वहीं हाईकोर्ट के आदेशानुसार 2019 से पहले के सभी वाहनों पर भी हाई सिक्योरिटी नं. प्लेट लगवाना है। लेकिन बड़वानी में नाबालिग बच्चों को आने-जाने के लिए बिना नं. की बाइक थमा रहे हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस कार्रवाई से बच रही है। लोग अपने वाहनों पर बिना नं. प्लेट लगाए घूम रहे हैं। जबकि ऐसे वाहनों का 500 रुपए का चालान काटने का नियम है।

#### अभियान चलाकर कार्रवाई

विनोदसिंह बघेल यातायात थाना प्रभारी बड़वानी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को समझाईश दी जा रही है और कार्रवाई भी की जा रही है। शहर में बिना नंबर वाली बाइकों की संख्या बढ़ रही हैं, कई लोग अपने बच्चों को लाइसेंस न होते हुए भी बिना नंबर प्लेट वाली बाइकें व स्कूटर थमा रहे हैं। इसलिए अब अभियान चलाकर बिना नंबर वाले सभी वाहनों पर कार्रवाई करेंगे। ऐसे वाहनों पर 500 रूपए दंड के चालान का प्रावधान है।

**एक नजर में**

## युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. भावना नगर निवासी मोहित पिता दीपक आर्य ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में यह आत्मघाती कदम उठाया. घटना की सूचना मिलते ही भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाए हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## महू की बेटी आकांक्षा का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन



**महू.** महू की बेटी आकांक्षा वर्मा पिता राजेश वर्मा नेशनल फुटबॉल टीम में चयनित हुई हैं. वे मणिपुर (असम) के लिए रवाना हो गई हैं. पिता ने ड्राइवर रहते हुए अपनी बेटी को इस उपलब्धि तक पहुंचाने के लिए जी जान एक किया. साथ ही बेटी ने भी पिता की उम्मीद पर खूब मेहनत कर नेशनल फुटबॉल टीम में चयनित हुई. इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, अशोक सैनी, जुगनू जादवसिंह धनावत, जीतू ठाकुर, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, गोपाल नेगी, शेरू भाई, राजेंद्र व्यास ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं.

## श्री एकेडमी के बालक व बालिका दल को रजत पदक



**महू.** मंदसौर में आयोजित 33वीं जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में श्री अकादमी कोदरिया के 4 बालक एवं 2 बालिकाओं ने भी इंदौर का प्रतिनिधित्व किया. इसमें बालक वर्ग में युवराज पाटीदार, आराध्य पाटीदार, कुश पाटीदार और राघव पाटीदार तथा बालिका वर्ग में श्री पाटीदार और गौरी पाटीदार शामिल थीं. इन खिलाड़ियों ने अपनी टीमों के साथ शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किया. सभी खिलाड़ियों ने कोच अंकित जोशी एवं सुदर्शन पाटीदार के निर्देशन में तैयारी की एवं मैच खेले. सभी खिलाड़ियों को मप्र बेसबॉल संगठन के अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव, सचिव महेश जोशी मोनी, विश्वास खेर, गिरीश उपाध्याय, किशन पुरोहित, अंकित जोशी, हर्षदीप चौहान, मिश्रीलाल सुले, मानसिंह यादव, सरदार मालवीय, महेश यादव, सुभाष पाटीदार, वासुदेव यादव सहित श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश पाटीदार एवं प्राचार्या हेमलता पाटीदार, स्कूल स्टॉफ एवं विभिन्न संगठनों ने इस उपलब्धि पर उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

## गर्म रॉड से युवक के गुप्तांग, हाथ, पैर और जांघों पर दागा

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में प्लॉट में हिस्सेदारी के विवाद को लेकर एक युवक के अपहरण, बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि युवक को कार में बंधक बनाकर शहर से बाहर ले जाया गया, जहां उसे अमानवीय यातनाएं दीं. पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी अक्षय कुमार पिता कमोद शर्मा (28), निवासी ऋषि नगर बाणगंगा ने बताया कि दादा के प्लॉट में हिस्सेदारी की बात पर आरोपी पक्ष ने उसे कार में जबरन बैठाया और शाजापुर स्थित एक खेत पर ले गया. वहां उसके कपड़े उतरवाकर

# विधायक गोलू शुक्ला के घर काम करने वाली युवती ने की खुदकुशी

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के भगत सिंह नगर में एक 19 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मृतका अपने माता-पिता के साथ विधायक गोलू शुक्ला के निवास पर काम करती थी. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे मौत के कारणों पर रहस्य बना हुआ है.**



पुलिस के मुताबिक, मृतका नेहा पिता रवि यादव (19) तबीयत ठीक नहीं होने की बात कहकर काम पर नहीं गई और घर पर ही रुक गई. जबकि उसकी मां विधायक के बंगले पर और पिता विधायक के फार्म हाउस पर काम करने चले गए थे. शाम को जब माता-पिता काम खत्म कर घर लौटे, तो नेहा ने दरवाजा नहीं खोला. काफी मशक्कत के बाद जब वे अंदर पहुंचे, तो बेटी को फंदे पर लटका पाया. उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस और एसीपी रुबीना मिजवानी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है.

# एयरपोर्ट की कुर्सियों पर दंपती ने गुजारी रात

- एयर इंडिया की भरोसे की उड़ान ने यात्रियों की नींद और समय दोनों उड़ाए
- इंदौर के दंपती को झेलनी पड़ी 16 घंटे की यातना



**इंदौर.** एयर इंडिया की उड़ानों में बार-बार हुए बदलाव ने इंदौर के एक दंपती की यात्रा को परेशानियों भरा बना दिया. केरल से लौट रहे दंपती को तय समय से करीब 16 घंटे बाद इंदौर पहुंचना पड़ा. इस दौरान उन्हें दो एयरपोर्ट पर रात कुर्सियों पर बितानी पड़ी.

खातीवाला टैंक क्षेत्र निवासी आईटी प्रोफेशनल योगेश वाधवानी अपनी पत्नी खुशबू के साथ सात दिन के केरल प्रवास के बाद कोच्चि से इंदौर लौट रहे थे. वापसी के लिए उन्होंने एयर इंडिया की कोच्चि दिल्ली और दिल्ली इंदौर कनेक्टिंग फ्लाइट बुक की थी. कोच्चि से उड़ान दोपहर 1.20 बजे प्रस्तावित थी, लेकिन इसे दिन में कई बार आगे बढ़ाया गया. अंतत: फ्लाइट शाम 5.42 बजे रवाना हुई और दिल्ली रात 8.21 बजे पहुंची, तब तक इंदौर की कनेक्टिंग फ्लाइट निकल चुकी थी. दिल्ली में उन्हें उसी रात इंदौर पहुंचाने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में एयरलाइन ने अचानक पुणे भेजने का निर्णय लिया. रात करीब ढाई बजे पुणे पहुंचने के बाद भी यात्रियों के लिए न तो होटल की व्यवस्था की गई और न ही भोजन की. मजबूरन दंपती को पूरी रात एयरपोर्ट की कुर्सियों पर ही बितानी पड़ी. इसके बाद सुबह एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से वे 9.10 बजे इंदौर पहुंचे.

# एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर को पकड़ा

**इंदौर.** पंढरीनाथ पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब एक लाख रुपये से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त की गई है. पुलिस के अनुसार देर रात हरसिद्धि मंदिर के पीछे से लगे आम रोड क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी सोनू जला को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसका वजन 11 ग्राम पाया. जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है. मामले में पंढरीनाथ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है, आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

**राऊ में भी पकड़ी 11 ग्राम ब्राउन शुगर**-राऊ थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 11 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है. पुलिस के अनुसार, रात करीब 11.55 बजे गोल चौराहा ब्रिज के नीचे राऊ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी अकिल खान को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. आरोपी राम रहीम कॉलोनी राऊ का निवासी है. मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. आगे की पूछताछ और कार्रवाई की जा रही है.

# साइलेंट अटैक : दवा बाजार और छोटी ग्वालटोली में दो लोगों की

**इंदौर. शहर में साइलेंट हार्ट अटैक के मामले लगातार चिंता बढ़ा रहे हैं. पिछले 24 घंटों के भीतर दवा बाजार और छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई. दोनों ही मामलों में मृतक चलते-चलते अचानक जमीन पर गिरे और अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी सांसें थम गईं.**

दवा बाजार क्षेत्र स्थित चेतक चेंबर के पास कल उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति अचानक चलते-चलते बेसुध होकर गिर पड़ा. मृतक की पहचान सुनील पिता रामचंद्र रणछोड़ (39) निवासी नगीन नगर के रूप में हुई है. सुनील पेशे से ड्राइवर था और किसी काम से दवा बाजार आया था. आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है.

छोटी ग्वालटोली इलाके में ऑटो पार्ट्स की दुकान पर आए अजीत शर्मा पिता राजदेव, निवासी गोविंद नगर की भी इसी तरह मौत हो गई. अजीत राजवाड़ा और नंदलालपुरा में पार्सल एंट्री का काम करते थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वे पैदल चलते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े. दुकान संचालक उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

**एक नजर में** इंदौर शहर में ट्रैफिक जाम एक गंभीर और भयावह समस्या बनी, हाई कोर्ट के ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने के कड़े निर्देश के बावजूद हालात यथावत

# बढ़ते वाहन, खस्ताहाल सड़कें, अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात व्यवस्था चरमराई

**इन्दौर.** शहर में वाहनों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी, खस्ताहाल सडकें और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे ट्रैफिक जाम एक गंभीर और भयावह समस्या बन गया है. शहर में अब इंसानों से ज्यादा गाडियां हो गई हैं और रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या 30 लाख के पार हो चुकी है. शहर के कई चौराहों पर अक्सर लंबा जाम लग जाता है.




सडकों का पार्किंग स्थल बन जाना, संकरी सडकें, नियमों का उल्लंघन और बुनियादी ढांचे का धीमी गति से विकास इसके प्रमुख कारण हैं. रेंगते हुए ट्रैफिक के कारण लोगों का कीमती समय बर्बाद हो रहा है और प्रदूषण बढ़ रहा है. इसके अलावा, एम्बुलेंस का जाम में फंसना और आपातकालीन सेवाओं में देरी भी आम हो गई है. हाई कोर्ट ने ट्रैफिक प्रबंधन को सुधारने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं. इसके बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है. ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए सडकों को चौड़ा करना, सार्वजनिक पार्किंग का निर्माण और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन आवश्यक बताया जा रहा है. हालांकि, शहर के कुछ मुख्य चौराहों पर यातायात विभाग द्वारा सख्ती के साथ चालानी कार्रवाई की जा रही है, यह जरूरी भी है, लेकिन यातायात विभाग लगता है जन सुविधा के लिए सुगम यातायात की योजनाओं को सिर्फ कागजों पर तैयार करता है. यातायात नियंत्रण के लिए आज तक जितनी भी योजनाएं बनाई गई हैं, वह सभी कुछ ही दिनों के लिए दिखाई पड़ती हैं, फिर विलुप्त सी हो जाती हैं. शहर के यातायात को देखकर लगता है कि व्यवस्थाएं खुद वाहन चालकों के ही सुपुर्द कर दी गई हैं, अब हर कोई अपनी मनमर्जी से वाहन चलाकर दूसरों के लिए समस्याएं खड़ी कर रहा है, वहीं यातायात कर्मी या तो मौन नजर आते हैं या फिर चालानी कार्रवाई में व्यस्त रहते हैं.

### यह बोले नागरिक...



जहां सिग्नल लगे हैं, उन चौराहों के अलावा अधिक ध्यान जवाहर मार्ग, लोहा मंडी, सियागंज जैसे व्यवसाय क्षेत्र में देना चाहिए, क्योंकि यातायात कर्मी ना होने से यहां घंटों तक जाम नहीं खुलता.

**- इमरान कुरैशी**



सुगम यातायात को लेकर यातायात विभाग द्वारा जो योजनाएं बनाई जाती हैं, वह पत्थर की लकीर होना चाहिए, उसमें कुछ बदलाव जरूर हो सकते हैं, लेकिन बंद नहीं होना चाहिए, इसी से सफलता मिल पाएगी.

**- सुनील कुमार**



स्पीड के लिए हम मेट्रो और बुलेट ट्रेन की बात करते हैं, जबकि यातायात गतिहीन हो चुका है. शहर में मिनटों का सफर घंटों में तब्दील हो गया है, जो चिंताजनक है.

**- अनिल बेनवाल**